हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

पंचमी पर हुआ माता का विशेष श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान पंचमी के अवसर पर गुरुवार को शहर सहित जिलेभर के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर मंदिरों में माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। पूजा पंडालों में स्थापित देवी प्रतिमाओं का भी विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए माता के दरबार में मत्था टेका। देवी मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ ही चुनरी, नारियल, पुष्प और प्रसाद अर्पित करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नवरात्र के चलते मंदिरों में सुबह से शाम तक चहल-पहल बनी रही। नवरात्र के चलते बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की चहल-पहल बढ़ी रही। शहर से लेकर गांवों तक श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते रहे। पंचमी के अवसर पर मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़ ने नवरात्र पर्व के प्रति लोगों की गहरी आस्था और उत्साह का माहौल है। आने वाले दिनों में नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

मां बम्लेश्वरी के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़, जसगीतों से गूंजे देवी पंडाल

दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

नवरात्र पर्व पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है। पंचमी के अवसर पर भी बड़ी संख्या में भक्त विभिन्न साधनों से तथा पदयात्रा करते हुए मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचे। कई श्रद्धालु रात से ही डोंगरगढ़ पहुंचने लगे थे। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की। माता के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने डोंगरगढ़ में लगे मेले का भी आनंद उठाया। मेले में खरीदारी, खानपान और अन्य दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। नवरात्र के कारण डोंगरगढ़ में धार्मिक उत्साह के साथ मेले की रौनक भी देखते ही बनी।



गूंज रहे जसगीत

इधर राजनांदगांव शहर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पूजा पंडालों में भी नवरात्र की धूम बनी हुई है। आकर्षक सजावट और रोशनी के बीच विराजित देवी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा समितियों द्वारा नियमित रूप से आरती और पूजा-अर्चना की जा रही है। पंडालों में बज रहे जस गीतों और माता के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है।

नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है, जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

राज्यपाल सहित प्रदेशभर के दिग्गजों का रहा स्टेडियम में जमावड़ा

डॉ. रमन के जन्मदिन में जुटा ऐतिहासिक जनसैलाब, जुबिन के सुरों में थिरके युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम राग महोत्सव



में संगीत और भक्ति की अनोखी त्रिवेणी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष संध्या में देश के जाने-माने पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल ने अपनी जादुई आवाज से उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेडियम में लगभग 25 हजार से अधिक श्रोताओं की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस गरिमामय संध्या में छत्तीसगढ़ शासन की शीर्ष हस्तियां साक्षी बनी। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका, उपमुख्यमंत्री समेत प्रदेश मंत्रिमंडल के लगभग सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक विधायक, हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी विशेष रूप से शरीक हुए। मंच पर सभी गणमान्य अतिथियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन की सराहना करते इसे जन-उत्सव का रूप बताया।



आयोजन रहा यादगार

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का उपहार देना और क्षेत्र के वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाना था। देर रात तक चले इस संगीत समारोह ने शहर के सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया।

200 से अधिक जवान तैनात

राज्यपाल और दर्जनभर से अधिक वीवीआईपी हस्तियों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। स्टेडियम के भीतर और बाहर सुरक्षा का त्रि-स्तरीय घेरा तैयार किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वरिष्ठ पुलिस अफसरों के हाथों में थी। वहीं 200 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा था। मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। 25 हजार दर्शकों की विशाल भीड़ के बावजूद पुलिस और आयोजकों के समन्वय से यातायात तथा बैठक व्यवस्था सुचारू बनी रही।



हनुमान चालीसा से शुरूआत, भजन से बांधा समा

शाम ढलते ही जैसे ही जुबिन नौटियाल मंच पर पहुंचे, पूरा स्टेडियम तालियों और नारों की गूंज से जीवंत हो उठा। जुबिन ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत अत्यंत श्रद्धा और ऊर्जा के साथ हनुमान चालीसा पाठ से की। उनकी भक्तिमय प्रस्तुति ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके बाद उन्होंने अपने लोकप्रिय भक्ति गीतों और बॉलीवुड के एक से बढ़कर एक सुपरहिट नगमों की झड़ी लगा दी। रातां लम्बियां, तुझे कितना चाहने लगे हम, और लूट गए जैसे गानों पर युवाओं ने झूमकर उनका साथ दिया। श्रोताओं का उत्साह पूरे समय चरम पर बना रहा। जुबीन की धुन में युवा जमकर थिरकते नजर आए।

गो-वंश की मौत से आक्रोश

गो-माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गो हत्या, सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं में गो-वंश की मौत, गो संरक्षण और गो-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में शक्ति धाम धर्मार्थ सेवा समिति महाकाली मंदिर बापूटोला के पदाधिकारी और सदस्यों ने रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने गो हत्याओं को लेकर आक्रोश जताया। वहीं गो माता को शीघ्र ही राष्ट्र माता घोषित करने मांग की।

लगातार हो रही गो-वंश की मौत के मामले को लेकर गो-वंश संरक्षण के लिए गो-माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग करते बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर गो-हत्या का विरोध किया। महिलाओं ने कहा कि बीते दो दिनों में शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गो-वंश का कटा सिर मिला है। जिससे इस क्षेत्र में गो-हत्या होने की आशंका है। महिलाओं ने कहा कि इसी तरह प्रतिदिन सड़कों में भी बैठी गो-माता मारी जा रही है। इस पर गो-वंश संरक्षण के लिए कानून बनना चाहिए। वहीं गो-वंश के प्रति संरक्षण की भावना को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन को पहल करनी चाहिए।

जागरूकता जरूरी

बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र में आयोजित होने वाली कामधेनु महायज्ञ और गो-कथा के आयोजन हेतु कलश यात्रा से पूर्व महिलाएं गो-माता के संरक्षण के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान समिति के हरीश यादव ने कहा कि गौरीनगर क्षेत्र में गो-हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर बैठी गो-माता के संरक्षण को लेकर हम सबको आगे आना होगा।

प्रभावी कानून बनाने मांग

समिति द्वारा राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग करते कहा गया कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में गो -माता का विशेष स्थान है। गो-माता करोड़ों भारतीयों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक हैं। गो-माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आवश्यक कदम उठाने कार्रवाई की जाए। गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी राष्ट्रीय नीति बनाई जाए, निराश्रित गो-वंश के लिए गो-शालाओं में चारा, पानी एवं आश्रय की उचित व्यवस्था की जाए, बीमार एवं घायल गो-वंश के लिए निःशुल्क पशु चिकित्सा की व्यवस्था की जाए, गो-वंश के प्रति क्रूरता रोकने के लिए कानूनों का प्रभावी पालन कराया जाने मांग की गई है।

माए एंगल



डरा-धमकाकर आभूषण की लूट

- शराब भट्टी के पास वारदात, पुलिस में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब भट्टी के सामने प्रार्थी को डरा-धमका कर चांदी की सांटी अज्ञात दो आरोपियों ने लूट कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 8 बजे मोहारा शराब भट्टी के पास प्रार्थी वासुदेव यादव बोडेना अर्जुन्दा निवासी को दो अज्ञात आरोपियों ने डरा-धमकाकर उसके पास रखे बैग में एक जोड़ी चांदी का सांटी था, को लूटकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

सुमीत बाजार
नवरात्रि स्पेशल ऑफ़र
राजनांदगांव में आज धमाकेदार ऑफर
MRP. ₹999 से ₹1699 प्रति पीस वाले
प्रीमियम ब्रांड्स 100% कॉटन
फार्मल, केजुअल वियर
एक्सक्लूसिव मेन्स
फेस्टिवल स्पेशल शर्ट
3 पीस शर्ट
₹795 में
*नियम व शर्तें लागू.
एक से बढ़कर एक आकर्षक डिजाईन में साईज उपलब्धतानुसार ऑफर स्टॉक रहने तक...
सुमीत मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव

खबर संक्षेप


प्रधान पाठक मंडावी सम्मानित

डोंगरगढ़। संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत प्राथमिक शाला छपरा के प्रधान पाठक मदन मंडावी को सम्मानित किया। सम्मान समारोह गत दिनों खालसा पब्लिक स्कूल, मालवीय नगर चौक दुर्ग में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। अतिथि संयुक्त संचालक डॉ. केव्ही राव थे। श्री मंडावी ने शिक्षा की अनेक गतिविधियों को प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। बच्चों के विकास को लेकर सक्रियता के साथ कार्य करते रहे हैं। इस सफलता पर बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, बीआरसी संतोष ध्रुव, एबीईओ बीरेंद्र कौर गरचा, नितिन हिरवानी, प्रमोददास सिदार, अर्पणा जाम्बुलकर, महेन्द्र कंवर, राधेश्याम सूर्यवंशी, प्रवीण ठाकुर आदि ने बधाई दी है।



पंचमी को आए 6 लाख दर्शनार्थी

डोंगरगढ़। नवरात्र पर्व के दौरान भक्तो की भीड पहले की अपेक्षा कम दिखाई दी किन्तु पदयात्री पिछले साल की तुलना में ज्यादा आए हैं। पंचमी को सुबह से दोपहर तक लगभग 6 लाख दर्षनार्थियों ने माता बम्लेश्वरी के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराई। करीब दो लाख पदयात्री, 1 लाख रेल मार्ग और लगभग 3 लाख सडक मार्ग से आने की खबर है। सप्तमी तक लगभग 4 लाख दर्षनार्थियों के पहुंचने की संभावना है। माता के दरबार को रोजाना फूलों से सजाया जा रहा है। माता का गर्भगृह आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।



प्रशिक्षण लेकर लौटे योग साधक

डोंगरगढ़। योग समिति के 14 सदस्य योग पतंजलि पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षण प्राप्त कर पहुंचे। रेलवे स्टेशन में महिला पतंजलि की रूपा टेम्भुकर, लीना साहू, विद्या अम्बादे, योगाचार्य डीसी ऐडे, विश्वनाथ यादव, गोपाल खेमुका, कमल अग्रवाल, उज्जैन वर्मा, सत्येन्द्र बिसेन सहित अन्य ने तिलक वंदन, बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। तहसील योग समिति प्रभारी हेमंत साहू ने बताया कि स्वामी रामदेव के सानिध्य में 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, गोवा के 500 प्रतिभागी शामिल हुए।



सेवा पंडाल में पदयात्रियों की सेवा

डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत अछोली के सेवा पंडाल में मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने आ रहे हैं पदयात्रियों को सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। सरपंच नंदकुमार साहू, उपसरपंच पुखराज साहू की अगवाई में पंचायत प्रतिनिधि सेवा पंडाल में उपस्थिति देकर पदयात्रियों कोचाय नाश्ता एवं मेडिकल सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।



छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के सामने कूदा अज्ञात

डोंगरगढ़। मुसरा रेलवे स्टेशन से गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के सामने कूदने से एक अज्ञात पुरुष की मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। घटना की सूचना मुसरा रेलवे स्टेशन के उप स्टेशन मास्टर द्वारा ने जीआरपी थाना को दी।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

सामाजिक एकता पर जोर



डोंगरगढ़। तहसील साहू संघ लालबहादुर ने पढ़बो पढ़ाबो जागरूकता अभियान के तहत माड़ियान, झिंझारी, खुभाटोला, ठाकुरटोला, कुम्हाड़ाटोला में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि समाज को संगठित करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है लेकिन धर्मान्तरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कमलेश साहू, रामाधीन साहू, रोहित साहू ने सामाजिक नियमावली की जानकारी दी। इस मौके पर गणेश साहू, राजेश साहू, हनुमानदास, दुर्गेश साहू, माखन साहू, शारदा प्रसाद हिरवानी, तिलक साहू, पुरानिक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

हरविंदर सिंह मंगे से आत्मीय मुलाकात



डोंगरगढ़। भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विजेंद्रसिंह ठाकुर, प्रिंस कक्कड़ एवं मयंक डोंगरे उपस्थित थे।

निधन



सौरभ सिन्हा

सड़क अतरिया। चकनार नर्मदा निवासी सौरभ सिन्हा का बुधवार को निधन हो गया। युवक के आकस्मिक मृत्यु से पूरा परिवार स्तब्ध रह गया। वह नर्मदा मंदिर समिति के गजानंन सिन्हा का पुत्र तथा भाजयुमो के उपाध्यक्ष ऋषभ सिन्हा का भाई था। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।

बाजार लाइन में 52 सालों से विराज रही माता दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर की बाजार लाइन में मां दुर्गा प्रतिमा के स्थापना और आराधना के 52 वर्ष पूरे हो चुके हैं। पांच दशक से अधिक समय का यह सफर केवल धार्मिक आयोजन की कहानी नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बदलाव, आपसी सहयोग और सामाजिक एकजुटता की मिसाल है। दुर्गा उत्सव की शुरुआत जिन युवाओं ने की थी, वह उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं, जिनके पास धरोहन के रूप में पुरानी यादें हैं।

बाजार लाइन दुर्गा उत्सव समिति की पहचान वर्षों से आकर्षक झांकी और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के लिए बनी हुई है। हर साल की तरह इस बार भी झांकी और माता की मनमोहक प्रतिमा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। उत्सव के दौरान यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए यह आयोजन आस्था के साथ पुरानी यादों को ताजा करने का अवसर भी बनता है। समिति से जुड़े सुधीर जैन और शांतिलाल ने बताया कि शुरुआती दौर में उत्साह, समर्पण और सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन शुरू हुआ था। बीते 52 वर्षों की यात्रा के दौरान परिस्थितियां बदलीं, साथी बिछड़ते गए और जिम्मेदारियां बदलती रहीं, लेकिन मां दुर्गा के प्रति आस्था और उत्सव को निरंतर जारी रखने का संकल्प कायम रहा।

कई संस्थापक सदस्य नहीं रहे

इस समिति के ऐसे सदस्य अपने हाथों से झांकियों को मूर्त रूप देते थे वह अब इस दुनिया में नहीं रहे जिसमें क्रांतिकुमार श्रीवास्तव, भूषण श्रीवास्तव, शंकर चंद्राक,र प्रताप लाल शामिल है।जिनके द्वारा पोट्रेट पर उकेरी गई कृतियाँ यकायक याद आ जाती है।



नई पीढ़ी को जोड़ने की तैयारी

समिति के सदस्यों का मानना है कि परंपरा को जीवित रखने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी जरूरी है। पुराने सदस्यों की इच्छा है कि युवा आगे आएं और समिति की जिम्मेदारियों को संभालें। सदस्यों ने कहा कि आने वाले समय में नए सदस्यों को समिति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बाजार लाइन दुर्गा उत्सव की यह गौरवशाली परंपरा सतत जारी रहे। समिति के बुजुर्ग सदस्य सुधीर जैन शांतिलाल जैन 74 बरस की उम्र में माता दुर्गा की सेवा में तन्मयता के साथ जुटे हैं।

केन्द्र बदलने से किसानों को जाना पड़ेगा दूर

धान खरीदी केंद्र बदलने का विरोध किसान करेंगे 24 को आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम बिरनपुर खुर्द और सुखरी के किसानों ने धान खरीदी केंद्र को जबरन संबलपुर समिति में शामिल करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों ने एसडीएम अविनाश ठाकुर के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वह 24 अक्टूबर को गंडई महतारी मूर्ति के पास उग्र आंदोलन करेंगे एवं गंडई मेन चौक में चक्काजाम किया जाएगा।

किसानों ने बताया है कि सुखरी के नाम से सोसायटी केंद्र है, जिसकी जीवित आईडी 42007402 है और इसी आईडी से बरबसपुर सोसायटी में धान की खरीदी किया जाता रहा है। वर्तमान में नवीन सोसायटी संबलपुर खोलने के बाद ग्राम सुखरी और बिरनपुर खुर्द को जबरन संबलपुर में शामिल कर दिया गया है, जिससे दोनों गांवों के किसानों में भारी रोष है। किसानों का कहना है कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित संबलपुर द्वारा धान उपार्जन केंद्र सुखरी को संबलपुर समिति में जोड़ने के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन इस बारे में सुखरी के किसानों से किसी भी प्रकार की सहमति नहीं ली गई और न ही उन्हें सूचना दी गई। इस पुनर्गठन के बाद संबलपुर समिति में दो धान उपार्जन केंद्र होने से कर्मचारियों के अभाव में धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका है।

बिना सहमति के प्रशासन ने उठाया कदम



दूरी से होगी परेशानी

किसानों ने बताया कि सम्बलपुर जाने के लिए उन्हे 6 से 7 किमी की दूरी सफर तय करना होगा। नवीन धान खरीदी केंद्र सम्बलपुर साजा विधानसभा क्षेत्र से लगा हुआ है जिससे गाड़यिा पार्क करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। केन्द्र में न पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है न छाव की व्यवस्था है। बिजली पानी की भी समस्या है।

किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों ने पूर्व की भांति बरबसपुर में ही सुखरी एवं बिरनपुर के किसानों का धान खरीदी करने, सुखरी की जीवित आईडी 42007402 से सुखरी में ही बिरनपूर खुर्द व सुखरी का धान खरीदी करने, सुखरी और बिरनपुर खुर्द को संबलपुर धान खरीदी केंद्र में शामिल नहीं करने की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कांशीटोला की बैठक में भी प्रस्ताव पारित किया गया है कि धान उपार्जन केंद्र सुखरी को यथावत रखा जाए।

नाटकों से योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत सल्हेवारा के बाजार स्थल में नमो सेवा–अनकही कहानियां कार्यक्रम के तहत जागरूकता नाटक का आयोजन किया गया। नाट्क के माध्यम से ग्रामीणों को सरल, रोचक एवं प्रभावशाली ढंग से शासन की योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मन्नू मरकाम थे। इस अवसर पर ललित सोनी, दशरथ पटेल, बनस साहू एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, महतारी वंदन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा अन्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

महिला सशक्तिकरण का संदेश

कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर कृष्णा सोनी, रामलाल साहू, सुरेश झरिया, रामकुमार कलिहारे, राकेश धुर्वे, नरेश कोमरे, जितेंद्र तांडेकर सहित अन्य उपस्थित थे।

माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक



तुमड़ीबोड़। किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में महावारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महावारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं पर बिना किसी संकोच के चर्चा करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के डॉ. किरण गायकवाड़ ने छात्राओं को मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया, व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व, सैनिटरी पैड के उपयोग, इस्तेमाल किए गए उत्पादों के निपटान तथा संतुलित आहार के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि महावारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, इसे लेकर शर्म या संकोच करने की आवश्यकता नहीं है। सही जानकारी और स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाकर किशोरियां अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल कर सकती हैं। जागरूकता कार्यक्रम में व्याख्याता थंगेश्वर साहू ने छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी जानकारी देकर आत्मविश्वासी, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। इस दौरान डॉ तुषार छाजेड़, रोशन देवांगन, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, असीम यदु आदि मौजूद थे।

सोनोग्राफी सेंटर में अनियमितता, किया गया सील

- नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई
- बिना रेडियोलाजिस्ट के चल रहा था सेंटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन से अनियमितता के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर के सोनोग्राफी केंद्र को सील कर दिया। बुधवार को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की।

केंद्र की जांच में अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता सहित कई अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

शिकायत के बाद हुई थी जांच

जानकारी के अनुसार बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर को लेकर पूर्व में शिकायत हुई थी जिसके आधार पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष बघेल एवं टीम ने केंद्र का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान सोनोग्राफी केंद्र के संचालन में निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के पालन में कई कमियां पाई गई थीं। जांच में पाया गया कि केंद्र पर कोई अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट नहीं था। इसके अतिरिक्त पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत निर्धारित प्रपत्रों को नियमानुसार नहीं भरा जा रहा था। सोनोग्राफी रिपोर्टिंग से संबंधित दस्तावेजों में ऐसे प्रारूप भी मिले, जिनमें किसी अन्य रेडियोलॉजिस्ट के डिजिटल हस्ताक्षर पहले से अंकित थे। कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, डॉ. मनीष बघेल, डॉ. बोधन सिंह, डॉ. पंकज वैष्णव, डॉ. विवेक बिसेन एवं अर्पित गुप्ता उपस्थित थे।

जालबांधा महाविद्यालय में ड्रेस कोड हुआ लागू



जालबांधा। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुशासन, विद्यार्थियों की सुविधाओं, व्यवस्थाओं में सुधार तथा विकास कार्यों को गति देने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने के साथ ही अन्य विषयों पर सहमति बनी।

बैठक में महाविद्यालय परिसर की सफाई, पेयजल व्यवस्था, खराब लाइट एवं पंखों की मरम्मत, शौचालयों की स्वच्छता तथा छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड की उपलब्धता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को होने वाली असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्राचार्य ओपी गुप्ता को आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया।

भूमि आबंटन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में महाविद्यालय भवन निर्माण पर भी चर्चा की गई। भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भूमि आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए प्राचार्य को कहा गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं और अनुशासन सुनिश्चित करना समिति की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का विकास सामूहिक प्रयासों और आपसी समन्वय से ही संभव है। बैठक में अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अनूप लाल वर्मा, जयराम वर्मा, राजेंद्र वर्मा, बीरेंद्र वर्मा, गजानंद साहू, गजानंद विश्वकर्मा, रीता देशमुख, रोशनी बंजारे, अंजनी चतुर्वेदी, मिथलेश देवांगन एवं सुनील खत्री, प्राचार्य ओपी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन शामिल हुए।

सेवा सेतु से बना आय प्रमाण पत्र



सड़क अतरिया। सेवा सेतु योजना से आम जनों को काफी लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में महावीर वर्मा ने सेवा सेतु पोर्टल का उपयोग कर आय प्रमाण पत्र बनवाया है। महावीर वर्मा ने बताया कि पहले दस्तावेज बनवाने के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन डिजिटल माध्यम से पूरी प्रक्रिया बेहद सरल और समय पर पूरी हो गई। आय प्रमाण पत्र बनने से अब उन्हें शैक्षिक और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। इस सुविधा के आने से लोगों में काफी उत्साह है।

पुलिस ने सटोरिया को भेजा जेल



गंडई पंडरिया। गंडई थाना अंतर्गत पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुआ और सट्टा खेलने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी कलाम ख़ान को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के कब्जे से जुआ-सट्टा पट्टी और नगद रकम बरामद की गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्जकर हिरासत में लिया। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।



नवरात्र पर्व पर देवी प्रतिमाएं स्थापित



राजनांदगांव। गंज लाइन दुर्गोत्सव समिति, भारत माता चौक।



राजनांदगांव। मां जगजननी दुर्गोत्सव समिति, जमातपारा।



राजनांदगांव। मां वैष्णोदेवी दुर्गोत्सव समिति, आजाद चौक।



राजनांदगांव। मां शीतला दुर्गोत्सव समिति, माता देवालय सोनारपारा।



राजनांदगांव। राजनांदगांव दुर्गोत्सव समिति, मानव मंदिर चौक।



राजनांदगांव। राजनांदगांव मां कालिका उत्सव समिति, गांधी चौक।



राजनांदगांव। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति, दुर्गा चौक।



राजनांदगांव। गंज मंडी समिति, राजनांदगांव।

ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर यातायात सुविधा

जिले में सड़क निर्माण के 6 कार्यों के लिए 14.89 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राज्य शासन द्वारा जिले में सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।

छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले में 6 सड़क निर्माण कार्यों के लिए कुल 14 करोड़ 88 लाख 82 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के अंतर्गत लगभग 13.81 किमी लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी तथा आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत कार्यों में 1.16 किमी लंबे कोपेडीह-मगरलोटा मार्ग निर्माण के लिए 1 करोड़ 33 लाख 47 हजार रुपए, 2.20 किमी लंबे बम्हनी-बांकल मार्ग के लिए 2 करोड़ 97 लाख 17 हजार रुपए तथा 2.30 किमी लंबे भोथीपारखुर्द से सिंघोला-दल्लीराजहरा मार्ग के लिए 2 करोड़ 19 लाख 95 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार 4.80 किमी लंबे भोथीपारकला-भोथीपारखुर्द-अर्जुन्दा मुख्य मार्ग के लिए 4 करोड़ 55 लाख 54 हजार रुपए, 1.55 किमी लंबे तोरनकट्टा-ठाकुरटोला मार्ग के लिए 1 करोड़ 95 लाख 15 हजार रुपए तथा 1.80 किमी लंबे भोथलीपारखुर्द-नवापारा उसरीबोड़ मार्ग के लिए 1 करोड़ 87 लाख 54 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है।

आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी गति

इन सड़क निर्माण कार्यों से संबंधित ग्रामों एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही किसानों को कृषि उपज के परिवहन, विद्यार्थियों को शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी। सड़क संपर्क बेहतर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। विभागीय आदेश के अनुसार स्वीकृत कार्यों की तकनीकी स्वीकृति, निविदा प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग आज

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर ब्लॉक 5 तृतीय तल हॉल नम्बर 4 में आयोजित किया गया है।

राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाईट पर 228 रिक्त सीट के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसलिंग आयोजित की गई है। विद्यार्थियों को अनिवार्य एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ काउंसलिंग तिथि को निर्धारित स्थल में उपस्थित होने कहा गया है।

कबड्डी स्पर्धा आज

खड़गांव। ग्राम एटेगरदा दिघवाड़ी में कल 16 अक्टूबर को रात्रिकालीन कब्बड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 8001, द्वितीय 6001, तृतीय 4001 और चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपए दिया जाएगा। इसके अलावा विजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। युवा मंडल कबड्डी समिति एवं ग्रामवासियों ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंचमी के अवसर पर मां बम्लेश्वरी देवी दर्शन के लिए पहुंचे। उनके राजनांदगांव शहर पहुंचने पर स्थानीय राम दरबार में कांग्रेसजनों ने पटाखे फोड़े और फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिंटू, दिनेश शर्मा, हेमा देशमुख, राकेश जोशी, माया शर्मा, सूर्यकांत जैन, भोला यादव, डॉ. आर. कुमार, अशोक पंजवानी सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष को दी जन्मदिन की बधाई

राजनांदगांव प्रवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके जन्म दिन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते कहा कि वह विधानसभा के अध्यक्ष हैं और वरिष्ठ नेता हैं।

एसआईआर में मतदाता परेशान

जंतर-मंतर पर विपक्ष के प्रदर्शन को लेकर विदेशी फंडिंग के आरोपों को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि जिसके पास विदेश से फंड आया है, उस पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर के मामले में 13 करोड़ लोगों का नाम काट दिया गया है, यह षड्यंत्र चल रहा है। जिसको लेकर लोकतंत्र बचाने प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि एसएआईआर में देशभर के मतदाताओं को रिकॉर्ड ढूंढने परेशान किया गया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ में बांग्लादेशी, रोहिंग्या, पाकिस्तानी घुसपैठिये हैं। यहां एसआईआर हुआ, लेकिन कितने बांग्लादेशी, रोहिंग्या, पाकिस्तानी मिले गृहमंत्री अमित शाह को बताना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि एसआईआर से दलित, गरीब और आदिवासियों का नाम काटा गया है।

आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

- अनुदान राशि आबंटन के लिए तहसीलदारों को कराया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत सहायता अनुदान राशि आबंटन हेतु संबंधित तहसीलदारों को उपलब्ध कराया है।

इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 4 मकान आंशिक क्षति होने पर 16 हजार रुपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से पशुकोठा क्षति होने पर 6 हजार रुपए, आग से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से फसल क्षति होने पर 2 हजार 448 रुपए, आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 12 हजार रुपए की राशि आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

राजनांदगांव। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता के लिए पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से बालिका शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लैंगिक समानता, बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बाल विवाह की रोकथाम, पीसीपीएनडीटी एक्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बालिकाओं के अधिकारों एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से



प्रयास करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बालिकाओं के प्रति सम्मान, समानता और संवेदनशीलता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस में जन-जागरूकता प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण विनोद बारले, शीला टाकेश सिन्हा, बीरमबाई मण्डावी, समाजसेवी मधुलिका रामटेके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया, एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. अशोक बसोड, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी एवं कार्यालय अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध कराए साफ-सुथरे कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बर्फानी धाम मां पाताल भैरवी मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेश मारू और पत्रकार डॉ. कमलेश सिमनकर द्वारा शासकीय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में पहुंचने वाले अज्ञात महिला, पुरूष व बीमार लोगों के लिए कपड़े छोड़े। पुरूष मरीजों के लिए लोवर और टी-शर्ट। वहीं महिला मरीजों के लिए गाउन शामिल है। ये वो मरीज होते है, जो मानसिक रूप से बीमार रहते है। साथ ही बीमारी की हालात में सड़कों के किनारे पड़े रहते हैं।

इन मरीजों को सड़कों से उठाकर हम मेडिकल कॉलेज पहुंचाते हैं। वहीं हॉस्पिटल में तैनात सुरक्षा गार्ड और वार्ड बॉय के साथ मिलकर इन्हें नहलाया जाता है, ऐसा इसलिए भी हम करते हैं, क्योंकि ये मरीज महीनों से नहाय नहीं रहते है, फिर इन्हें साफ-सुथरे कपड़े पहनाए जाते हैं। ऐसा करने से हमें लगता है, हमने इनकी आधी बीमारी खत्म कर दी है। यह सिलसिला लंबे समय से मेडिकल कॉलेज में चलाया जा रहा है। इसमे मरीजों को स्वस्थ्य करने में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का बड़ा योगदान रहता है। इन मरीजों की देखभाल डॉक्टरों के अलावा हॉस्पिटल की वार्ड नर्सें और मेटास कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, वार्ड बॉय अहम भूमिका निभाते हैं।

70 वर्षों की उपलब्धियों पर विचार-मंथन

- धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा 14 अक्टूबर को धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का विषय "डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की धम्म दीक्षा के 70 वर्ष : बौद्ध समाज ने क्या खोया और क्या पाया?" रखा गया। इसमें समाज की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर विचार-मंथन किया गया।गोष्ठी को संबोधित करते बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपांकर खोबरागड़े ने कहा कि डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने गहन चिंतन और अध्ययन के बाद बौद्ध धम्म स्वीकार किया था। उन्होंने ऐसे सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध मानवतावादी मार्ग चुना। जिसमें वर्ण व्यवस्था के आधार पर भेदभाव, अस्पृश्यता और अमानवीय व्यवहार किया जाता था। बाबा साहेब का धम्म परिवर्तन केवल धर्म परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज को समता, स्वतंत्रता, मैत्री और बंधुत्व पर आधारित जीवन प्रदान करने का ऐतिहासिक कदम था।

उन्होंने बौद्ध समाज से आह्वान किया कि वह बाबा साहेब के विचारों और बौद्ध धम्म के मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें। धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस केवल ऐतिहासिक स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि समाज की उपलब्धियों का आकलन करने, कमियों पर आत्ममंथन करने और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए संकल्प लेने का दिन है। यह जानकारी राहुल श्यामकुंवर ने दी।

पंचशील के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान

श्री खोबरागड़े ने कहा कि बौद्ध धम्म के पंचशील सिद्धांतों को अपनाकर समाज को अंधविश्वास, पाखंड और रूढ़िवादिता से दूर रहना चाहिए तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। धम्म दीक्षा के 70 वर्ष बाद भी बौद्ध समाज की शैक्षणिक, राजनीतिक, आर्थिक और औद्योगिक भागीदारी को लेकर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। समाज के कुछ लोगों ने शिक्षा और आर्थिक क्षेत्र में प्रगति की है, लेकिन आज भी बड़ी आबादी अभावग्रस्त जीवन जी रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में बाधाओं को पहचानना और उन्हें दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करना जरूरी है। समाज को बांटने और आपसी मतभेद बढ़ाने वाली प्रवृत्तियों के प्रति सजग रहते हुए शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना होगा। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने सामाजिक विकास और मानव गरिमा को सर्वोपरि माना था। उनके विचारों को आगे बढ़ाने शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष ध्यान देना होगा।

संस्कार सिटी स्कूल में गरबा की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव में बुधवार शाम 5 बजे से गरबा नाइट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बच्चों के साथ माता-पिता को भी गरबा की ताल पर थिरकते देख परिसर में पारिवारिक उल्लास का माहौल रहा।

निर्णायक मंडल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का चयन किया, जिन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। विजेताओं में बेस्ट परफॉर्मेंस (विद्यार्थी) जूनियर (प्राइमरी) तृषा बजरंग, माध्यमिक सुरभि राठौर, उच्चतर माध्यमिक शिखा जोशी, बेस्ट परफॉर्मेंस (अभिभावक) प्रथम काजल घरडे, द्वितीय मेधा तिमवार, तृतीय ज्योति सेन, बेस्ट कपल परफॉर्मेंस प्रथम विक्रम सिंह एवं श्रद्धा सिंह, द्वितीय शैलेष दमाहे एवं परी दमाहे, तृतीय यशवंत साहू एवं तामेश्वरी साहू, बेस्ट कॉस्ट्यूम (अभिभावक) पुरुष वर्ग में विक्रम सिंह, महिला वर्ग में कामता पैकरा शामिल हैं। विद्यालय के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल एवं ऊहा अग्रवाल ने विजेता बच्चों एवं पालकगण को शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्राचार्य रेखा तिवारी एवं निर्णायकों ने विजेताओं को प्रतीक चिन्ह एवं बधाई दी तथा प्रतिभागी बच्चों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ने के साथ-साथ अभिभावकों और विद्यालय के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। अंत में सभी ने एक साथ गरबा किया और प्रसाद एवं स्वल्पाहार ग्रहण किया।

विभिन्न स्पर्धा का आयोजन

आयोजन के लिए विद्यालय परिसर को आकर्षक रोशनी, फूलों और पारंपरिक रूप से सजाया गया था। विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक चनिया-चोली, कुर्ता-पायजामा और पारंपरिक आभूषणों में नजर आए। क्रिस्टल ऑडियो के डीजे की धुन पर जैसे ही गरबा और डांडिया शुरू हुआ, पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

पंचमी पर हुआ माता का विशेष श्रृंगार, दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान पंचमी के अवसर पर गुरुवार को शहर सहित जिलेभर के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर मंदिरों में माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। पूजा पंडालों में स्थापित देवी प्रतिमाओं का भी विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए माता के दरबार में मत्था टेका। देवी मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ ही चुनरी, नारियल, पुष्प और प्रसाद अर्पित करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नवरात्र के चलते मंदिरों में सुबह से शाम तक चहल-पहल बनी रही। नवरात्र के चलते बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की चहल-पहल बढ़ी रही। शहर से लेकर गांवों तक श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते रहे। पंचमी के अवसर पर मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़ ने नवरात्र पर्व के प्रति लोगों की गहरी आस्था और उत्साह का माहौल है। आने वाले दिनों में नवरात्र की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है।

मां बम्लेश्वरी के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़, जसगीतों से गूंजे देवी पंडाल

दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

नवरात्र पर्व पर डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है। पंचमी के अवसर पर भी बड़ी संख्या में भक्त विभिन्न साधनों से तथा पदयात्रा करते हुए मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचे। कई श्रद्धालु रात से ही डोंगरगढ़ पहुंचने लगे थे। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की। माता के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने डोंगरगढ़ में लगे मेले का भी आनंद उठाया। मेले में खरीदारी, खानपान और अन्य दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। नवरात्र के कारण डोंगरगढ़ में धार्मिक उत्साह के साथ मेले की रौनक भी देखते ही बनी।



गूंज रहे जसगीत

इधर राजनांदगांव शहर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पूजा पंडालों में भी नवरात्र की धूम बनी हुई है। आकर्षक सजावट और रोशनी के बीच विराजित देवी प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा समितियों द्वारा नियमित रूप से आरती और पूजा-अर्चना की जा रही है। पंडालों में बज रहे जस गीतों और माता के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है।

नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महिर्ष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है, जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

राज्यपाल सहित प्रदेशभर के दिग्गजों का रहा स्टेडियम में जमावड़ा

डॉ. रमन के जन्मदिन में जुटा ऐतिहासिक जनसैलाब, जुबिन के सुरों में थिरके युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम राग महोत्सव



में संगीत और भक्ति की अनोखी त्रिवेणी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष संध्या में देश के जाने-माने पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल ने अपनी जादुई आवाज से उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेडियम में लगभग 25 हजार से अधिक श्रोताओं की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस गरिमामय संध्या में छत्तीसगढ़ शासन की शीर्ष हस्तियां साक्षी बनी। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका, उपमुख्यमंत्री समेत प्रदेश मंत्रिमंडल के लगभग सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। इसके अलावा अनेक विधायक, हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी विशेष रूप से शरीक हुए। मंच पर सभी गणमान्य अतिथियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन की सराहना करते इसे जन-उत्सव का रूप बताया।



आयोजन रहा यादगार

युवा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का उपहार देना और क्षेत्र के वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाना था। देर रात तक चले इस संगीत समारोह ने शहर के सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया।

200 से अधिक जवान तैनात

राज्यपाल और दर्जनभर से अधिक वीवीआईपी हस्तियों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। स्टेडियम के भीतर और बाहर सुरक्षा का त्रि-स्तरीय घेरा तैयार किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वरिष्ठ पुलिस अफसरों के हाथों में थी। वहीं 200 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा था। मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गई। 25 हजार दर्शकों की विशाल भीड़ के बावजूद पुलिस और आयोजकों के समन्वय से यातायात तथा बैठक व्यवस्था सुचारू बनी रही।



हनुमान चालीसा से शुरूआत, भजन से बांधा समा

शाम ढलते ही जैसे ही जुबिन नौटियाल मंच पर पहुंचे, पूरा स्टेडियम तालियों और नारों की गूंज से जीवंत हो उठा। जुबिन ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत अत्यंत श्रद्धा और ऊर्जा के साथ हनुमान चालीसा पाठ से की। उनकी भक्तिमय प्रस्तुति ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके बाद उन्होंने अपने लोकप्रिय भक्ति गीतों और बॉलीवुड के एक से बढ़कर एक सुपरहिट नगमों की झड़ी लगा दी। रातां लम्बियां, तुझे कितना चाहने लगे हम, और लूट गए जैसे गानों पर युवाओं ने झूमकर उनका साथ दिया। श्रोताओं का उत्साह पूरे समय चरम पर बना रहा। जुबीन की धुन में युवा जमकर थिरकते नजर आए।

गो-वंश की मौत से आक्रोश

गो-माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गो हत्या, सड़कों पर हो रही दुर्घटनाओं में गो-वंश की मौत, गो संरक्षण और गो-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में शक्ति धाम धर्मार्थ सेवा समिति महाकाली मंदिर बापूटोला के पदाधिकारी और सदस्यों ने रैली निकाली और कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने गो हत्याओं को लेकर आक्रोश जताया। वहीं गो माता को शीघ्र ही राष्ट्र माता घोषित करने मांग की।

लगातार हो रही गो-वंश की मौत के मामले को लेकर गो-वंश संरक्षण के लिए गो-माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग करते बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर गो-हत्या का विरोध किया। महिलाओं ने कहा कि बीते दो दिनों में शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गो-वंश का कटा सिर मिला है। जिससे इस क्षेत्र में गो-हत्या होने की आशंका है। महिलाओं ने कहा कि इसी तरह प्रतिदिन सड़कों में भी बैठी गो-माता मारी जा रही है। इस पर गो-वंश संरक्षण के लिए कानून बनना चाहिए। वहीं गो-वंश के प्रति संरक्षण की भावना को लेकर लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन को पहल करनी चाहिए।

जागरूकता जरूरी

बजरंगपुर नवागांव क्षेत्र में आयोजित होने वाली कामधेनु महायज्ञ और गो-कथा के आयोजन हेतु कलश यात्रा से पूर्व महिलाएं गो-माता के संरक्षण के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान समिति के हरीश यादव ने कहा कि गौरीनगर क्षेत्र में गो-हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क पर बैठी गो-माता के संरक्षण को लेकर हम सबको आगे आना होगा।

प्रभावी कानून बनाने मांग

समिति द्वारा राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग करते कहा गया कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में गो -माता का विशेष स्थान है। गो-माता करोड़ों भारतीयों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक हैं। गो-माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आवश्यक कदम उठाने कार्रवाई की जाए। गो-वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी राष्ट्रीय नीति बनाई जाए, निराश्रित गो-वंश के लिए गो-शालाओं में चारा, पानी एवं आश्रय की उचित व्यवस्था की जाए, बीमार एवं घायल गो-वंश के लिए निःशुल्क पशु चिकित्सा की व्यवस्था की जाए, गो-वंश के प्रति क्रूरता रोकने के लिए कानूनों का प्रभावी पालन कराया जाने मांग की गई है।

माय एंगल



डरा-धमकाकर आभूषण की लूट

- शराब भट्टी के पास वारदात, पुलिस में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब भट्टी के सामने प्रार्थी को डरा-धमका कर चांदी की सांटी अज्ञात दो आरोपियों ने लूट कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 8 बजे मोहारा शराब भट्टी के पास प्रार्थी वासुदेव यादव बोडेना अर्जुन्दा निवासी को दो अज्ञात आरोपियों ने डरा-धमकाकर उसके पास रखे बैग में एक जोड़ी चांदी का सांटी था, को लूटकर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक

तुमड़ीबोड़। किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में महावारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महावारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं पर बिना किसी संकोच के चर्चा करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के डॉ. किरण गायकवाड़ ने छात्राओं को मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया, व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व, सैनिटरी पैड के उपयोग, इस्तेमाल किए गए उत्पादों के निपटान तथा संतुलित आहार के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि महावारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, इसे लेकर शर्म या संकोच करने की आवश्यकता नहीं है। सही जानकारी और स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाकर किशोरियां अपने स्वास्थ्य की



बेहतर देखभाल कर सकती हैं। जागरूकता कार्यक्रम में व्याख्याता थंगेश्वर साहू ने छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी जानकारी देकर आत्मविश्वासी, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। इस दौरान डॉ तुषार छाजेड़, रोशन देवांगन, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, असीम यदु आदि मौजूद थे।

सोनोग्राफी सेंटर में अनियमितता, किया गया सील

- नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई
- बिना रेडियोलाजिस्ट के चल रहा था सेंटर



हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन से अनियमितता के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर के सोनोग्राफी केंद्र को सील कर दिया। बुधवार को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की।

केंद्र की जांच में अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता सहित कई अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

शिकायत के बाद हुई थी जांच

जानकारी के अनुसार बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर को लेकर पूर्व में शिकायत हुई थी जिसके आधार पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष बघेल एवं टीम ने केंद्र का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान सोनोग्राफी केंद्र के संचालन में निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के पालन में कई कमियां पाई गई थीं। जांच में पाया गया कि केंद्र पर कोई अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट नहीं था। इसके अतिरिक्त पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत निर्धारित प्रपत्रों को नियमानुसार नहीं भरा जा रहा था। सोनोग्राफी रिपोर्टिंग से संबंधित दस्तावेजों में ऐसे प्रारूप भी मिले, जिनमें किसी अन्य रेडियोलॉजिस्ट के डिजिटल हस्ताक्षर पहले से अंकित थे। कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, डॉ. मनीष बघेल, डॉ. बोधन सिंह, डॉ. पंकज वैष्णव, डॉ. विवेक बिसेन एवं अर्पित गुप्ता उपस्थित थे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध
ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

संस्कार सिटी स्कूल में गरबा नाइट 2026 की धूम

राजनांदगांव। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव में बुधवार शाम 5 बजे से गरबा नाइट-2026 का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बच्चों के साथ माता-पिता को भी गरबा की ताल पर थिरकते देख परिसर में पारिवारिक उल्लास का माहौल रहा।


निर्णायक मंडल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का चयन किया, जिन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। विजेताओं में बेस्ट परफॉर्मेंस (विद्यार्थी) जूनियर



(प्राइमरी) तृषा बजरंग, माध्यमिक सुरभि राठौर, उच्चतर माध्यमिक शिखा जोशी, बेस्ट परफॉर्मेंस (अभिभावक) प्रथम काजल घरडे, द्वितीय मेधा तिमवार, तृतीय ज्योति सेन, बेस्ट कपल परफॉर्मेंस प्रथम विक्रम सिंह एवं श्रद्धा सिंह, द्वितीय शैलेष दमाहे एवं परी दमाहे, तृतीय यशवंत साहू एवं तामेश्वरी साहू, बेस्ट कॉस्ट्यूम (अभिभावक) पुरुष वर्ग में विक्रम सिंह, महिला वर्ग में कामता पैकरा शामिल हैं। विद्यालय के प्रबंधकगण अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल एवं ऊहा अग्रवाल ने विजेता बच्चों एवं पालकगण को शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य रेखा तिवारी एवं निर्णायकों ने विजेताओं को प्रतीक चिन्ह एवं बधाई दी तथा प्रतिभागी बच्चों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपरा से जोड़ने के साथ-साथ अभिभावकों और विद्यालय के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। अंत में सभी ने एक साथ गरबा किया।

पंचमी को आए 6 लाख दर्शनार्थी

डोंगरगढ़। नवरात्र पर्व के दौरान भक्तो की भीड पहले की अपेक्षा कम दिखाई दी किन्तु पदयात्री पिछले साल की तुलना में ज्यादा आए हैं। पंचमी को सुबह से दोपहर तक लगभग 6 लाख दर्षनार्थियों ने माता बम्लेश्वरी के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराई। करीब दो लाख पदयात्री, 1 लाख रेल मार्ग और लगभग 3 लाख सडक मार्ग से आने की खबर है। सप्तमी तक लगभग 4 लाख दर्षनार्थियों के पहुंचने की संभावना है। माता के दरबार को रोजाना फूलों से सजाया जा रहा है। माता का गर्भगृह आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।



PAGE 15 KAWA 15 OCT_Layout 1 10/15/2026 11:51 PM Page 1

अनदेखी: कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में बड़ी संख्या में काटे गए पेड़


रेंगाखार के जंगल में पेड़ों की कटाई वन विभाग बेपरवाह, सुरक्षा ताक पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के रेंगाखार वन परिक्षेत्र में जंगलों की सुरक्षा और अवैध कटाई पर नियंत्रण को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद वन संपदा की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था ताक में नजर आ हरी है।

जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले विभाग के वन क्षेत्र में इस तरह पेड़ों की कटाई होना गंभीर विषय है। अब इस मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका, कटाई की परिस्थितियों और वन विभाग की निगरानी व्यवस्था की जांच की मांग उठ रही है। वन क्षेत्र पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ वन्यजीवों के संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में जंगलों में पेड़ों की कटाई से प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। कक्ष क्रमांक 103 में पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि कितने पेड़ काटे गए, कटाई किन परिस्थितियों में हुई और इसके लिए विभागीय अनुमति ली गई थी या नहीं। इस मामले में सबसे अहम सवाल वन क्षेत्र की निगरानी को लेकर है। संबंधित वन कक्ष में वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले मैदानी कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक की भूमिका की पड़ताल जरूरी है।

क्या वनरक्षक, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी वन को पेड़ों की कटाई की जानकारी थी? यदि जानकारी थी, तो कटाई रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए? वहीं, यदि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं थी, तो नियमित गश्त और निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



मौका मुआयना कर कार्यवाही की जरूरत

मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाना जरूरी है। जांच में कटे हुए पेड़ों की संख्या, उनकी प्रजातियों, कटाई की परिस्थितियों और संभावित नुकसान का आकलन किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि कटाई नियमानुसार हुई है या इसमें वन नियमों का उल्लंघन किया गया है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई और जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

जंगल में अवैध कटाई मिलने पर हो कार्रवाई

कक्ष क्रमांक 103 बोदलपानी में पेड़ों की कटाई के मामले में निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की जा रही है। यदि जांच में अवैध कटाई की पुष्टि होती है, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही निगरानी में लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

वन संरक्षण के दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रहे कटे पेड़

जंगलों की सुरक्षा केवल विभागीय नियमों और कागजी व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका प्रभाव मैदानी स्तर पर भी दिखाई देना चाहिए। रेंगाखार वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 103 में पेड़ों की कटाई का मामला वन विभाग के लिए अपनी निगरानी व्यवस्था की समीक्षा करने का अवसर भी है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग मामले का संज्ञान लेकर निरीक्षण और जांच कराता है या नहीं। वन संपदा को सुरक्षित रखने के लिए नियमित गश्त, प्रभावी निगरानी और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना जरूरी है।



पीएम जनमन आवास योजना में ठगी, ठेकेदार पर एफआईआर



- जनमन आवास के 5 हितग्राहियों की लिखित शिकायत पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम पंचायत राजाढ़ार में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण करने के नाम पर हितग्राहियों से पैसे लेकर आवास निर्माण नहीं करने और राशि वापसी की मांग करने पर पैसे नहीं लौटाने की शिकायत पर पांच हितग्राही देवसिंह पिता गौचरण ग्राम राजाढ़ार, श्रीमती मंधोर बाई पति भोभलाल, श्रीमती पुसीया बाई पति सिरधू बैगा, श्रीमती कौशिल्या बाई पति जेठू बैगा, श्रीमती ननकी बाई पति गहरू की शिकायत पर ठेकेदार कुमार मेरावी निवासी ग्राम शितलपानी पंचायत ढ़ोलबज्जा के विरूद्ध छल कर ठगी करते हुए आर्थिक नुकसान पहूंचाने के आरोप में भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318 (4) के तहत थाना चिल्फी में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा 4 किस्तों में 2 लाख रूपये प्रदाय किया जाता है। वनांचल क्षेत्रों में आवास लाभार्थियों को ठेकेदार द्वारा आवास निर्माण करने के नाम पर ठेका लेते हुए हितग्राही देवसिंह से 60 हजार रूपये, श्रीमती मंधोर बाई से 60 हजार रूपये, श्रीमती पुसीया बाई से 60 हजार रूपये, कौशल्या बाई से 80 हजार रूपये एवं ननकी बाई से 60 हजार सहित कुल 3 लाख 20 हजार रूपये लेकर आवास का निर्माण कार्य नहीं किया गया।

लगभग डेढ़ वर्ष के बाद भी हितग्राहियों द्वारा मांगने पर न हीं पैसा लौटाया गया और न हीं आवास का निर्माण किया गया। जिसके बाद हितग्राहियों के लिखित शिकायत पर यह बड़ी कार्यवाही हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्य हेतु प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहें है। कुछ स्थानों पर ठेकेदारों के द्वारा बैगा हितग्राहियों को बहला फुसलाकर आवास निर्माण के लिए जारी पैसे लेकर कार्य नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हुई है।

साथ ही जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत किसी भी स्तर में अनियमितता पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी अनुक्रम में ठेकेदार कुमार मेरावी के विरूद्ध थाना चिल्फी में एफआईआर दर्ज होना बड़ी कार्यवाही के रूप में देखा जा रहा है।

सरोधा में पर्यटकों को धमकाने वाले बिच्छू गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

पर्यटकों को डरा धमका कर करते थे लूटपाट



- शिकायम के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सरोधा बांध में धारदार हथियार लेकर आम नागरिकों और पर्यटकों को डराने-धमकाने के मामले में कबीरधाम पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक-एक धारदार लोहे का हथियार जब्त किया है।

तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद सरोधा बांध क्षेत्र में पर्यटकों की सुरक्षा और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर को सरोधा बांध के पास अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों एवं पर्यटकों को भयभीत करने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी कोतवाली पुलिस की टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को पकड़ा।

पुलिस ने उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज किए। पुलिस के अनुसार, ग्राम छांटा निवासी शंकर धुर्वे आयु 30 वर्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 470/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 में कार्रवाई की गई।

वहीं, ग्राम मन्नाबेदी निवासी अशोक मरकाम आयु 21 वर्ष के विरुद्ध अपराध क्रमांक 471/2026 में धारा 25 तथा ग्राम रौचन निवासी देवकुमार पटेल उर्फ गब्बर आयु 18 के विरुद्ध अपराध क्रमांक 469/2026 में धारा 25 एवं 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

तीनों के कब्जे से धारदार हथियार जब्त

पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक धारदार लोहे का हथियार गवाहों की उपस्थिति में विधिवत जब्त कर सीलबंद किया। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की विवेचना जारी है।

पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवाल

स्थानीय स्तर पर सरोधा बांध क्षेत्र में कथित रूप से बिच्छू गैंग नाम से एक समूह सक्रिय होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि इस समूह में सात से आठ युवक जुड़े हुए हैं और पर्यटकों को डराने-धमकाने तथा उनसे पैसे वसूलने जैसी गतिविधियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि, इस समूह से संबंधित सभी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि आवश्यक है। पर्यटन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित पुलिस गश्त और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी जरूरी है।

ठाकुर देव मंदिर से 70-80 साल पुरानी मूर्ति चोरी

- मूर्ति बरामदगी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग, सैकड़ों लोगों ने थाने में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

क्षेत्र के खेत में स्थित ठाकुर देव मंदिर से 70 से 80 वर्ष पुरानी मूर्ति चोरी होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना 8 अक्टूबर के आसपास की बताई जा रही है।

मूर्ति चोरी से आहत कुशाल बंद पारा, बैरागपारा और सिसोदिया नगर के वरिष्ठजनों एवं युवाओं सहित सर्व समाज के लोगों ने पंडरिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और चोरी गई मूर्ति की शीघ्र बरामदगी की मांग की। मोहल्लेवासियों के अनुसार, ठाकुर देव की प्राचीन मूर्ति मंदिर में पिछले 70-80 वर्षों से स्थापित थी। यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना की जाती रही है और यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

मूर्ति चोरी की घटना से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। बुधवार को मोहल्लेवासी मंदिर परिसर में एकत्र हुए और ठाकुर देव की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किया। इसके बाद सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन पंडरिया थाने में सौंपकर पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करने, दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने तथा प्राचीन मूर्ति को जल्द बरामद करने की मांग की।



ज्ञापन सौंपने वालों में घनश्याम साहू, नरोत्तम साहू, संदीप साहू, वीरेंद्र साहू, मनीराम साहू, दुखवा यादव, रामावतार जायसवाल, पितराम साहू, राजू यादव, कृपाल साहू, राजकुमार साहू, राजेश साहू, लाला साहू, शिव साहू, दुर्गेश जायसवाल, गोटी लाल साहू, मनोहर जायसवाल, संतोष जायसवाल, प्यारे साहू, जागेश्वर निषाद, दशरू साहू, राजा जायसवाल और सावत साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल थे।

एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में जिले के सात स्काउट मास्टर्स ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा झांकी, अभनपुर में 8 से 14 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर में कबीरधाम जिले के सात स्काउट मास्टर्स ने सहभागिता की।



शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रशिक्षणार्थियों को स्काउटिंग की उन्नत तकनीकों, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का प्रशिक्षण दिया गया। जिले से लोकनाथ देवांगन, हंसराज चंद्राकर, चरणजीत सिंह पाहुजा, सौरभ शर्मा, संतोष कुमार साहू, कन्हैया लाल धृतलहरे और टिकेश्वर साहू ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त डॉ. पूनम सिंह साहू के नेतृत्व में प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

शिविर में मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, ट्रेसल, वॉच टावर और टेंट पिचिंग जैसे प्रोजेक्ट के जरिए टीमवर्क, योजना निर्माण और समस्या समाधान के गुर सिखाए गए। पांचवें दिन आयोजित 7 से 8 किलोमीटर की हाइक में प्रशिक्षणार्थियों ने संकेत चिह्नों का अनुसरण किया। बिना बर्तनों के भोजन तैयार करने की गतिविधि के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संसाधनों के सदुपयोग का अभ्यास भी कराया गया।

प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता पर जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु सहित अन्य पदाधिकारियों एवं स्काउटर-गाइडर ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कर्राानाला बैराज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के तहत कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में कर्राानाला बैराज मध्यम परियोजना का मानसून पश्चात निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान बैराज की मुख्य संरचनाओं, जल प्रवाह व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी पहलुओं का जायजा लिया गया। इसका उद्देश्य मानसून के बाद परियोजना की स्थिति का आकलन कर जल प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना था।

अनुविभागीय अधिकारी, सूतियापाट उप संभाग क्रमांक-सहसपुर लोहारा सागर प्रसाद वर्मा एवं उप अभियंता जय प्रकाश ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बैराज की संरचनात्मक स्थिति और जल प्रवाह व्यवस्था का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ जल प्रबंधन और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। स्थानीय लोगों की सहभागिता से निरीक्षण प्रक्रिया में जनसंवाद और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासकीय परियोजनाओं की निगरानी के साथ जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि सार्वजनिक महत्व के कार्यों में जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

सेवा संकल्प अभियानः विभिन्न वार्डों में जनजागरूकता अभियान

कवर्धा में अब दो नहीं चार अभियान से स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अब दो नहीं चार के संदेश के साथ नागरिकों को घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन में रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान का उद्देश्य कचरे के उचित संग्रहण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निपटान को बढ़ावा देना है। सेवा संकल्प अभियान के दौरान कवर्धा शहर के विभिन्न वार्ड में जाकर नागरिकों को जानकारी दी गई कि पहले दो डिब्बा गीला एवं सूखा कचरा के अतिरिक्त अब सैनिटरी अपशिष्ट और विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को भी अलग-अलग रखना महत्वपूर्ण है।

स्वच्छ भारत मिशन नियम 2026 के नियम 4 के अंतर्गत चार श्रेणियों में कचरा पृथक्कीकरण की व्यवस्था को विस्तार से बताया गया। इसके तहत प्रत्येक घर में चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग और कचरे को उसके प्रकार के अनुसार अलग रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



जनभागीदारी से बनेगा स्वच्छ एवं सुंदर कवर्धा नगरः सीएमओ नपा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने आम नागरिकों से अपील है कि वे अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को चारों श्रेणियों में अलग-अलग करके ही दें। स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने और कवर्धा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर कार्यक्रम

- बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम बैरख स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख में आज विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि विश्व हाथ धुलाई दिवस की शुरुआत स्टॉकहोम में 2008 में विश्व जल सप्ताह के दौरान की गई।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2008 में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता वर्ष की घोषणा के साथ ही प्रथम विश्व हाथ धुलाई के लिए 15 अक्टूबर का दिन तय किया गया था। तब से निरन्तर 15अक्टूबर को हाथ धुलाई दिवस आयोजित किया जाता है। व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर ने बच्चों को क्रमबद्ध हाथ धुलवा कर दिखाया एवं स्वच्छता के बारे मे बताया। स्वच्छता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता के कारण हमारे देश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, शिक्षिका चमेश रावटे, प्रधान पाठक आरती झारिया एवं

